Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to run at least one flight from Bhavnagar to Delhi, Mumbai and Surat.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): सभापति जी, धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर का एयरपोर्ट बहुत ही पुराना है । वहां पहले बोइंग की भी उड़ान थी । कुछ टाइम पहले एयर इंडिया की भावनगर-मुम्बई से एक फ्लाइट चली, बाद में स्पाइसजेट की भावनगर-मुम्बई, भावनगर-सूरत और भावनगर-दिल्ली की भी एक-एक फ्लाइट चली, जिनका इनोग्रेशन माननीय मंत्री जी ने किया था, लेकिन बाद में क्या हुआ वह मुझे पता नहीं । लेकिन एयर इंडिया की भावनगर-मुम्बई की फ्लाइट 6 मार्च से बंद हो गई और स्पाइसजेट ने भी नोटिस दे दिया है । सूरत-दिल्ली फ्लाइट तो पहले ही बंद कर चुके हैं, लेकिन मुम्बई वाली जो एक फ्लाइट बची है, उसे भी वे बंद करने जा रहे हैं । सर, भावनगर-मुम्बई और भावनगर-सूरत का ट्विन्स सिटी जैसा व्यवहार है, अगर यह फ्लाइट भी बंद हो जाएगी तो हमारे एयरपोर्ट से एक भी फ्लाइट नहीं चलेगी । हमारे एयरपोर्ट का कोई महत्व नहीं रहेगा । भावनगर और आसपास के तीन डिस्ट्रिक्ट्स का डेवलपमेंट ठप्प हो जाएगा । मेरा आपके माध्यम से सेन्ट्रल गवर्नमेंट से अनुरोध है कि भावनगर-मुम्बई, भावनगर-सूरत और भावनगर-दिल्ली के लिए कोई भी एयर लाइन्स की या एयर इंडिया की एक-एक फ्लाइट चलाई जाए ।